0752CH14

चौदहवाँ पाठ

पानी और धूप

अभी अभी थी धूप, बरसने
लगा कहाँ से यह पानी
किसने फोड़ घड़े बादल के
की है इतनी शैतानी।

सूरज ने क्यों बंद कर लिया
अपने घर का दरवाज़ा
उसकी माँ ने भी क्या उसको
बुला लिया कहकर आजा।

ज़ोर-ज़ोर से गरज रहे हैं
बादल हैं किसके काका
किसको डाँट रहे हैं, किसने
कहना नहीं सुना माँ का।

बिजली के आँगन में अम्माँ
चलती है कितनी तलवार
कैसी चमक रही है फिर भी
क्यों खाली जाते हैं वार।

क्या अब तक तलवार चलाना
माँ वे सीख नहीं पाए
इसीलिए क्या आज सीखने
आसमान पर हैं आए।

एक बार भी माँ यदि मुझको
बिजली के घर जाने दो
उसके बच्चों को तलवार
चलाना सिखला आने दो।

www.dreamtopper.in

खुश होकर तब बिजली देगी
मुझे चमकती सी तलवार
तब माँ कोई कर न सकेगा
अपने ऊपर अत्याचार।

पुलिसमैन अपने काका को
फिर न पकड़ने आएँगे
देखेंगे तलवार दूर से ही
वे सब डर जाएँगे।

अगर चाहती हो माँ काका
जाएँ अब न जेलखाना
तो फिर बिजली के घर मुझको
तुम जल्दी से पहुँचाना।

काका जेल न जाएँगे अब
तुझे मँगा दूँगी तलवार
पर बिजली के घर जाने का
अब मत करना कभी विचार।



– सुभद्रा कुमारी चौहान

अभ्यास

शब्दार्थ

शैतानी	–	शरारत	वार	–	चोट करना, प्रहार
अत्याचार	–	ज़ुल्म	काका	–	चाचा

1. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो

कहाँ से, किसने, क्यों, क्या, किसके, किसको

क सूरज ने.............. बंद कर दिया अपने घर का दरवाज़ा।

ख बादल है............ काका।

ग बरसने लगा.................. यह पानी।

घ .... फोड़ घड़े बादल के की है इतनी शैतानी।

ङ .... डाँट रहे हैं.............. कहना नहीं सुना माँ का।

www.dreamtopper.in

2. इन पंक्तियों से बारिश के बारे में क्या पता चलता है?

नमूना

सूरज की माँ ने उसको बुला लिया।
ऐसा लगता है कि आसमान में सूरज नज़र नहीं आ रहा होगा।

क सूरज ने अपने घर का दरवाज़ा बंद कर लिया।

ख काका किसी को ज़ोर-ज़ोर से डाँट रहे हैं।

ग आँगन में तलवार चल रही है।

3. कविता में ढूँढ़ो

क किन पंक्तियों से पता चलता है कि इस कविता में माँ-बेटी या माँ-बेटे के बीच बातचीत हो रही है?

ख यह कविता आज़ादी मिलने से पहले के समय में लिखी गई थी। उस समय हमारे देश पर अंग्रेजों का राज था। किन पंक्तियों से पता चलता है कि लड़का/लड़की के काका स्वतंत्रता सेनानी थे?

4. रिक्त स्थान भरो

नमूना

काका जेल न जाएँगे अब
अब मत करना कभी विचार
माँ वे सीख नहीं पाए

न, मत और नहीं का इस्तेमाल किसी काम के मनाही के लिए किया गया है। तुम नीचे लिखे वाक्यों में 'न', 'मत', 'मना' और 'नहीं' भरो।

क तुम वहाँ........जाओ।

ख परीक्षा में............तो रामू फेल हुआ...........ही असलम।

ग मुझे इस प्रश्न का उत्तर..............पता।

घ माँ ने मुझे छत पर जाने से.................किया है।

5. कविता के अनुसार

क सूरज को उसकी माँ ने क्यों बुला लिया?

ख बादल काका ज़ोर-ज़ोर से क्यों डाँट रहे हैं?

ग बिजली के बच्चों के वार खाली क्यों जा रहे हैं?

घ लड़की बिजली के घर क्यों जाना चाहती है?

ङ बिजली के घर में तलवार चलाना कौन सीख रहा है?

6. पता करो

क कुछ ऐसे देशभक्तों के नाम पता करके लिखो जो बचपन से ही आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े थे।

ख जब बच्ची अपनी माँ से ये सब बातें कर रही थी, उस समय का आसमान और मौसम कैसा रहा होगा? अपनी कल्पना से बताओ। (**संकेत**– धूप, सूरज, बादल, धरती, बिजली, लोगों की परेशानियाँ आदि)

ग कविता में आया है कि सूरज की माँ ने उसे घर के भीतर बुला लिया। पता करो कि क्या सूरज की भी माँ होती होगी?

7. आज़ादी की बात

"तब माँ कोई कर न सकेगा
अपने ऊपर अत्याचार।"

कविता की इस पंक्ति में किस अत्याचार की बात की जा रही है? वे किस तरह के अत्याचार करते थे?

8. घर की बात

"बिजली के आँगन में अम्मा........"

इसमें जो आँगन है वह घर के बाहर के हिस्से को कहा गया है। घर के इन भागों को तुम अपनी भाषा में क्या कहते हो?

कमरा	----------------	बरामदा	----------------
रसोई	----------------	छत	----------------

www.dreamtopper.in

बैठक	----------------	स्नानघर	----------------
जीना	----------------	शौचालय	----------------

9. कविता बनाओ

नीचे कविता में से कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। कविता की अगली पंक्तियाँ स्वयं बनाओ। ध्यान रखो, कविता में से देखकर नहीं लिखना।

नमूना

ज़ोर–ज़ोर से गरज रहे हैं।
तड़ तड़ तड़ तड़ बरस रहे हैं।

क तब माँ कोई कर न सकेगा

ख बिजली के आँगन में अम्माँ

ग किसने फोड़ घड़े बादल के

www.dreamtopper.in